आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 29.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा–देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।
- प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित किए जाने का श्रेय स्वच्छ भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं की सफलता को दिया।
- 19वें सांख्यिकी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के विकास और नीतिगत निर्णयों में सांख्यिकी विभाग की भूमिका को सराहा।
- प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर जारी– 2 से 6 जुलाई के बीच जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभागों में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता किसी न किसी तरह की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

.....................

प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्रेकोमा से मुक्त घोषित किया गया है।

..................

प्रधानमंत्री ने आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि देश पर इमरजेंसी थोपे जाने के 50 वर्ष कुछ दिन पहले ही पूरे हुए हैं। देशवासियों ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाया है। हमें हमेशा उन सभी लोगों को याद करना चाहिए, जिन्होंने इमरजेंसी का डटकर मुकाबला किया था। इससे अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। श्री मोदी ने कहा कि 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। श्री मोदी ने कैलाश मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथा यात्रा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक– ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं। उन्होंने कहा कि ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महा अनुष्ठान भी होती हैं। श्री मोदी ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र गए भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का भी जिक्र किया।

..................

प्रदेश में भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने निवास पर कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उनके प्रेरणादायी सम्बोधन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पाली में भी भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल धर्मशाला के तपोवन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ–सीपीए संघ के जोन–2 वार्षिक सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। इस जोन में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और पंजाब शामिल हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन समय में लोकतांत्रिक संस्थानों को सशक्त बनाना, श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों को साझा करना और शासन तथा विधायी कार्य के लिए नवाचारी तरीको को तलाशने संबंधी एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में सेवा प्रदान करना है। इस सम्मेलन की थीम–**डिजिटल युग में सुशासनः संसाधनों का प्रबंधन, लोकतंत्र की रक्षा और नवाचार को अपनाना** है। सीपीए एक वैश्विक संगठन है। यह संगठन संसदीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए सांसदों को एक मंच उपलब्ध कराता है।

000

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलाई बैंड के पास आज तड़के बादल फटने की घटना में निर्माणाधीन स्थल पर काम कर रहे नौ श्रमिक लापता हो गए। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है, जिसमें एन.डी.आर.एफ, एस.डी.आर.एफ. और पुलिस टीमें जुटी हैं। निर्माणाधीन स्थल पर कुल 19 मजदूर थे, जिनमें से 10 को बचा लिया गया हैं। मूसलाधार बारिश के कारण गंगोत्री और यमुनोत्री राजमार्ग भी बाधित हैं। लगातार बारिश और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए चारधाम यात्रा को एहतियात के तौर पर एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है।

000

आज 19वां सांख्यिकी दिवस है। यह दिवस हर साल प्रोफेसर पी.सी. महलानोबिस की स्मृति में मनाया जाता है जो सांख्यिकी और आर्थिक आयोजना के क्षेत्र की एक नामी हस्ती थे। इस वर्ष के सांख्यिकी दिवस का विषय है– **राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष।**

इस अवसर पर आज दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में, सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि डेटा–आधारित आज के इस युग में, सांख्यिकी ही शासन का आधार है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय–सीमा के भीतर बड़े पैमाने पर लगातार सर्वेक्षण करने से देश की सांख्यिकी प्रणाली की दक्षता मजबूत हुई है। प्रदेश में भी सांख्यिकी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। जयपुर में ओटीएस सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस समय में सांख्यिकी क्षेत्र का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार होगा जब हमारे पास विश्वसनीय, समावेशी और रियल टाइम आँकड़े होंगे। इसके लिए प्रभावी प्रयास की जरूरत ह सांख्यिकी दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया गया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज भारत विश्व के उन चुनिन्दा देशों में शामिल हो गया है जो व्यापक आधार पर नीतियां और कार्यक्रम बनाकर लागू करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आंकड़ों के आधार पर नीतिगत निर्णय लेकर सुशासन की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में सांख्यिकी तंत्र को सुदृढ करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

........................

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जयपुर जिला कलेक्टर सहित 16 अधिकारी और कर्मचारियों को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया ।

........................

झुन्झुनू जिले ने सतत विकास लक्ष्य 2024 के सभी तय 17 बिन्दुओं पर बेहतर काम करते हुए प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल किया है। 19वें सांख्यिकी दिवस के मौके पर जारी हुए आंकड़ों के बाद यह उपलब्धि सामने आई है। जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के बाद विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य में झुन्झुनू जिले का अव्वल रहना इस बात को साबित करता है कि प्रशासन मुस्तैदी से अपना काम कर रहा है।

000

जैसलमेर जिले में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के पास साधेवाला में एक युवक और एक नाबालिग लड़की के शव बरामद हुए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शव करीब सात दिन पुराने हैं। शवों के पास से पाकिस्तान की सिम और एक आईडी कार्ड भी मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक–युवती पाकिस्तानी हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए बीएसएफ, पुलिस और खुफिया एजेंसियां मामले की गहन जांच में जुट गई हैं।

000

कोटा के डीसीएम क्षेत्र में एक डम्पर ने मोटरसाईकिल सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक और उसके पुत्र—पुत्री की मृत्यु हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक युवक निजी कम्पनी के वेयर हाउस में काम करता था।

000

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर जारी है। श्रीगंगानगर में दोपहर बाद तेज हवा के साथ बरसात शुरू हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। भरतपुर और डीग में भी दोपहर बाद तेज बारिश हुई। राजधानी जयपुर में हल्की बारिश हुई। उदयपुर, जालौर और सिरोही में आज तेज बरसात दर्ज हुई। कोटपूतली—बहरोड़ क्षेत्र में फौजावाली ढाणी में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं टोंक जिले के देवली में बनास नदी में डूबने से जयपुर के कालाडेरा निवासी युवक की मृत्यु हो गई। यह युवक अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया था। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल कोटा, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर और जयपुर संभागों में कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभागों में कहीं—कहीं बारिश होने के आसार हैं। वहीं विभाग ने पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में 2 से 6 जुलाई के बीच कहीं—कहीं भारी बारिश और कहीं—कहीं अति भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

000